# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**
वेबसाइट: hajcommittee.up.gov.in ;
ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com

पत्रांक : जी–।।/1202/एस0एच0सी/2025 दिनांक : 14.08.2025

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज–2026 के हज यात्रियों के चयन हेतु कल दिनांक 13.08.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कमेटी कक्ष, हज कमेटी आफ इण्डिया, हज हाउस, मुम्बई में ऑनलाइन कुर्रा (रैण्डम डिजिटल सेलेक्शन) आयोजित किया गया, जिसका हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in पर लाइव प्रसारण भी किया गया। उ0प्र0 के सभी 18760 हज यात्रियों का चयन हो गया है। प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर सूचना हज कमेटी आफ इण्डिया की तरफ से भेज दी गयी है प्रदेश से सभी चयनित हज यात्रियों की सूची वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व www.hajcommittee.up.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है जिसमें प्रत्येक कवर को आवण्टित बैंक रेफरेंस नम्बर उनके कवर के आगे अंकित है।

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई ने हज–2026 के सभी प्रोवीज़नली चयनित हज यात्रियों हेतु निम्न निर्देश जारी किये हैं :–

1. प्रत्येक प्रोवीजनली चयनित हज यात्री को अग्रिम धनराशि रु 1,52,300/–दिनांक 20 अगस्त, 2025 तक पूर्व हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के खाते में जमा करना होगा।
2. चयनित हज यात्री निर्धारित धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in पर व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।
3. धनराशि स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया में भी पे–इन–स्लिप द्वारा हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा की जा सकती है। धनराशि जमा करने हेतु वेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in व www.hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नम्बर के सामने बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित है।
4. धनराशि जमा करने के उपरान्त प्रत्येक यात्री को रसीद/पे–इन–स्लिप स्वतः हस्ताक्षरित हज आवेदन फार्म, घोषणा पत्र, अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट हेतु घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट (निर्धारित प्रारुप पर वेबसाइट पर उपलब्ध है) हज कमेटी आफ इण्डिया के पोर्टल पर अपने लॉग–इन आई0डी0 से अपलोड करना है अथवा कार्यालय उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008 पर डाक अथवा दस्ती दिनांक 25.08.2025 तक जमा करना आवश्यक होगा।
5. समय से धनराशि व प्रपत्र जमा न कराने पर प्रोवीज़नली चयनित हज यात्री की सीट निरस्त हो सकती है।

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त प्रशिक्षक, उ0प्र0/हज सुविधा केन्द्र, उ0प्र।
8. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 14-08-2025
14:06:02

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी